# समर्पण की भावना से कार्य करने पर ही संस्था की उन्नति संभवः– डॉ. जुयाल

आज नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर का 9 वाँ स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वि.वि. के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने विश्वविद्यालय की प्रगति के बारे में उन्नति से बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्था की उन्नति छात्रों, कर्मचारियों एवं प्राध्यापकों की पूर्ण समर्पण की भावना से अपना दायित्व निभाने से ही होती है। यदि हम सब मिलकर कार्य करेंगे तभी संस्था की उन्नति के साथ पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुधारने में सहायता मिलेगी। आपने पशुपालकों की आय को दोगुना करने हेतु प्रत्येक पशु उत्पाद जैसे दूध के साथ साथ गौमूत्र एवं गोबर का भी व्यवसायिक उपयोग करने की आवश्यकता बताई। माननीय कुलपति ने प्रदेश में डेरी सांइस महाविद्यालय शुरू करने को अति आवश्यक बताया। क्योंकि दुग्ध उत्पादन तो अधिक मात्रा में हो रहा है परन्तु उसकी प्रोसेसिंग उचित मात्राा में नही हो पा रही है, जिससे पशुपालक अधिक लाभ नही कमा पर रहे हैं। आपने मत्स्य पालन की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्युविज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. आर.एस. शर्मा ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुई वि.वि. की उपलब्धियों की सराहना की।

उन्होंने संचालित हो रहे अंर्तराष्ट्रीय स्तर के शोधों का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु वि.वि. द्वारा एक जर्नल के प्रकाशन की आवश्यकता बताई। माननीय कुलपति ने इस संस्था द्वारा प्रदान किये जा रहे वेस्ट टीचर पुरस्कार एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राध्यापकों, छात्रों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने के कदम की तारीफ की एवं इस प्रथा को मेडीकल विश्वविद्यालय में भी शुरू करने की घोषणा की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. गोविन्द प्रसाद मिश्र, पूर्व कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., ने विश्वविद्यालय के कार्यो की प्रशंसा की एवं अखिल भारतीय स्तर पर वि.वि. द्वारा 36 वीं रैंक प्राप्त करने की बधाई दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. पी.के. सिंह, डायरेक्टर आई.सी.ए.आर.वीड रिसर्च इंस्टीट्यूट जबलपुर ने टेक्नोलॉजी को पशुपालक तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड** :– पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू एवं जबलपुर के पूर्व अधिष्ठाता एवं गुजरात के कृषि विश्वविद्यालय सरदार कृषि नगर दंतीवाड़ा के कार्यवाहक माननीय कुलपति रहे। वर्तमान में अमरीका में निवासरत 92 वर्षीय डॉ. एम.आर. पटैल को लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड सम्मानित किया गया। इस स्थापना दिवस पर डॉ. पटेल ने माननीय कुलपति, समस्त प्राध्यापकों एवं छात्रों को अपनी ओर से प्रेषित की। जिनका वाचन किया गया।

**पूर्व अधिष्ठाता भी सम्मानित हुये** :– पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के पूर्व अधिष्ठाता गण डॉ. जे.एल. बेगड़, डॉ. एच.के.बी. पारेख तथा डॉ. एम.सी. अग्रवाल को उनके पशुचिकित्सा क्षेत्र में महत्वूर्ण योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

**विशिष्ट एल्मुनि पुरूस्कारः–** इस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रगण डॉ. महेन्द्र सिंह, विश्वविद्यालय प्रमंडल सदस्य, डॉ. रविन्द्र जेसवाल, प्रेसिडेन्ट आई.बी. ग्रुप एवं प्रेसीडेन्ट छत्तीसगढ विटनरी काउन्सिल, डॉ. जितेन्द्र वर्मा एवं डॉ. सुधीर यादव को पशुचिकित्सा क्षेत्र में दिये गये महत्वपूर्ण योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

**पशुचिकित्सा उद्योग जगतः–** में विशिष्ट योगदान देने वालो को भी सम्मानित किया गया। इसमें श्रीमति गौरा दुबे, फिनिक्स ग्रुप जबलपुर, श्री सुनील वर्मा एवं हेमंत माथुर गोकुल एग्रीइकोनोमिक्स एवं लाइवस्टाक, भोपाल, श्री आशीष रैकवार, मतस्य पालन अमखेरा जबलपुर, श्री प्रवीण चौबे, चौबे डेरी फार्म बायपास रोड, अधारताल जबलपुर शामिल है।

विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों श्री लक्ष्मीकांत जोशी, श्री मिश्रीलाल नीखर, श्री एस.पी. विश्वकर्मा, श्री हेमंत राजपूत एवं श्रीमति सीमा शुक्ला को भी सम्मानित किया गया।

**प्राध्यापकों को भी सम्मानित किया गया**:— डॉ. धर्मेन्द्र कुमार तथा डॉ. बी.सी. सरखेल को उनके 7.49 नास रेटिंग जर्नल में शोध पत्र प्रकाशन हेतु तथा डॉ. के.पी. सिंह को विश्वविद्यालय गीत की रचना हेतु सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त अनेक छात्रों को उनके उत्कृष्ठ प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया जिनमें विश्वविद्यालय टॉपर, जे.आर.एफ एवं नेट उत्तीर्ण छात्र, राष्ट्रीय युवा संसद 2017—18 व गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले छात्र शामिल है। कार्यक्रम में डॉ. एस.के. जोशी, डॉ. एस.एन.एस. परमार, डॉ. आर.पी.एस. बघेल, डॉ. एस.के. मेहता, डॉ. वाय.पी. साहनी., डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. पी.सी. शुक्ला, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. अपरा शाही, डॉ. जे.के. भारद्वाज, डॉ. आर.के. शर्मा सहित समस्त प्राध्यापकों, छात्रों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.द.प.चि.वि.वि., जबलपुर